एक नजर में

विभाग की लापरवाही से दिन में जल रही हैं स्ट्रीट लाइटें

वाराणसी : नगर के कई हिस्सों में स्ट्रीट लाइटें दिन में भी लगातार जलती हुई दिख रही हैं। यह तब है जब ऊर्जा मंत्री ने स्ट्रीट लाइटों के दिन में जलने पर नियंत्रित करने का निर्देश दिया था। आशापुर के उमेश मोदनवाल व अजय तिवारी बताते हैं कि इसे लेकर कई बार शिकायतें की गईं। इस संबंध में नगर अधिशासी हिमांशु नागपाल ने बताया कि स्ट्रीट लाइटों में सेंसर लगाकर दिक्कतों को दूर किया जाएगा। (जासं)

पुरस्कार देने की मांग

वाराणसी : शर्करा-मारी-दृष्टि जैसी असुलझीदार बीमारी व लगभग 75 प्रतिशत दिव्यांगता के बावजूद सफलता के आयाम स्थापित करने वाली डा. पल्लवी जैन व नेशनल जैन को राष्ट्रीय पुरस्कार देने की मांग दिगंबर जैन महासमिति ने की है। कार्यवाही राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार जैन सरीफ ने बताया कि दो स्वर्ण पदक विजेता डा पल्लवी जैन वर्तमान में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं, जबकि नेशनल जैन ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की। (जासं)

श्मशान घाट और मंदिर डूबे, छतों पर होने लगी आरती

जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में आबादी की ओर बढ़ा पानी, फिलहाल चेतावनी बिंदु से 3.98 मीटर नीचे

जागरण संवाददाता, वाराणसी : पहाड़ों पर लगातार बारिश, सहायक नदियों में आई बाढ़ और ऊपरी इलाकों से छोड़े जा रहे पानी के कारण काशी में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। सुबह आठ बजे तक 15 घंटों में 68 सेमी बढ़ा पानी, 20 सेमी प्रति घंटा के वेग से बहता दिखा लेकिन फिर इसमें ठहराव आ गया और जलस्तर में आठ घंटों में 28 सेमी ही बढ़ा। शाम चार बजे तक राजघाट पर गंगा का पानी 69.08 मीटर की ऊंचाई पर बह रहा था जो रात के आठ बजे तक चार घंटों में 20 सेमी बढ़कर 69.28 मीटर पर पहुंच गया था। पानी बढ़ने से गंगा आरतियों का स्थान पांचवीं बार बदलना पड़ा और अब आरती घाटों की छत पर होने लगी है।

गंगा का जलस्तर लगातार अभी चेतावनी बिंदु से 3.98 मीटर नीचे है, फिर भी निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है, शहर में पानी कालोनियों की तरफ से ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की तरफ बढ़ने लगा है। गंगा के सभी 85 घाटों का आपसी संपर्क भंग हो गया है तो हरिश्चंद्र घाट पर शवदाह स्थल डूब चुके हैं। पांचकोशिका घाट पर भी शवदाह के आठ प्लेटफार्म जलमग्न हो चुके हैं। चिरईगांव क्षेत्र के बभनपुरा गांव में रिंगरोड पुल के पास बिगत वर्ष कम अंतरिक्ष स्थान में बाढ़ का पानी घुस गया है।

गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण दशाश्वमेध घाट स्थित गंगा सेवा निधि के तत्वाधान में होने वाली गंगा आरती सेमवार को रात पर हुई ● सौ. आयोजक

वरुणा भी उफनाई, सलारपुर के आधा दर्जन मकानों में घुसा पानी

वरुणा भी उफना गई है। सारनाथ क्षेत्र के सलारपुर गांव में सोमवार की रात में आधा दर्जन मकानों में लगभग चार फीट तक वरुणा की बाढ़ का पानी घुस गया। लोग अपना घर छोड़कर दूसरे स्थान पर शरण लिए हैं। वहां के शरद विश्वकर्मा, राजेश, राजकुमार सिंह, तन्नू सिंह, वीजयी यादव, सुभाष गुप्ता ने रात में ही मकान खाली कर पड़ोस में किराए पर मकान ले लिया है। पुराना पुल पुनर्पाहना छोटी मस्जिद के पास नाले से सटे मकानों की चौखट तक पानी पहुंच चुका है।

वही पुरवैया, फुहारों तक सीमित रही भारी वर्षा की चेतावनी

जासं, वाराणसी : मौसम विभाग द्वारा दी गई भारी वर्षा की चेतावनी का असर शहर में तो पुहारों तक ही सीमित रहा लेकिन बावजूद क्षेत्र में सावनी पठाए झूमकर बरसीं और 46.6 मिमी पानी गिरने से वातावरण शीतल सुहाना हो गया, तापमान भी गिरकर सामान्य से नीचे चला गया, जबकि सहरी क्षेत्र में दूसरे दिन भी पूरे समय बादल घिरे होने के बावजूद उमस का वातावरण बना रहा। उधर 19 अगस्त से भारी वर्षा की चेतावनी दी है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानी डा. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसूनी द्रोणी का पश्चिमी छोर अपने सामान्य स्थिति से उत्तर में हिमालय की तराई की ओर खिसककर फिरोजपुर, गोरखपुर, मुंगेर होते हुए उत्तरी-पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।

नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ

जागरण संवाददाता वाराणसी : देशोप्रेम ही सर्वश्रेष्ठ धर्म है। ये बातें कालरात्रि पीठाधीश्वर अखिलात्म महाराज ने कहीं। वह काशी हिंदू विश्वविद्यालय के श्रीविश्वनाथ मंदिर में सावण मास में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा की अमृत वर्षा का शुभारंभ कर रहे थे।

टक्कर मारने वाले टैंकर चालक पर केस दर्ज

जागरण संवाददाता, मिर्जामुराद : गौर गांव (बंगला चट्टी) किसान इंटर कालेज के पास हाईवे पर रविवार की दोपहर एनपीजी गैस टैंकर के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक टैंकर चलाते हुए सामने से आ रही स्कार्पियो समेत दो कारों में टक्कर मारने के मामले में जौनपुर जिले के बक्शा थानांतर्गत दरियाकंर्ग निवासी टैंकर चालक अमलेश यादव के खिलाफ केस दर्ज किया गया। उक्त केस स्कार्पियो सवार अधिवक्ता विकासचन्द्र दुबे, प्रयागराज जिले के मांडा (बभनी) निवासी कार चालक अखिलेश सोनकर व मध्यप्रदेश के निवासी बनेने कार चालक सुरेंद्र सोनी के संयुक्त बयानेर पर दर्ज हुआ।

प्रो. बिहारी लाल शर्मा बने रहेंगे अगले तीन वर्षों तक संविवि के कुलपति

जागरण संवाददाता, वाराणसी : प्रो. बिहारी लाल शर्मा, अगले तीन वर्षों के लिए पुनः संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति बने रहेंगे। कुलाधिपति राज्यपाल ने उन्हें जनहित दूसरे कार्यकाल के लिए सेवा विस्तार दे दिया है। इस सेवा विस्तार को उनके द्वारा विश्वविद्यालय हित में किए गए कार्यों का पुरस्कार माना जा रहा है। प्रो. शर्मा का कार्यकाल 21 अगस्त को पूर्ण होना था। नए कुलपति के लिए छह प्रो. बिहारी लाल माह पूर्व विज्ञापन भी चुका था, इसके लिए पुरे देश से काफी संख्या में लोगों ने दावा किया था। स्क्रीनिंग व शार्ट लिस्टिंग के पश्चात राजभवन ने 18 जुलाई को 13 लोगों को प्रथम इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया, जिसमें 11 उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। उनकी शार्ट लिस्टिंग करते हुए पुनः पांच लोगों को दो अगस्त के लिए द्वितीय इंटरव्यू हुआ, इसमें पांच लोगों को आमंत्रित किया गया। सभी दावेदारों के प्रदर्शन व शैक्षिक क्षेत्र में योगदान का आकलन करने के पश्चात राज्यपाल ने अंत में प्रो. शर्मा को ही विश्वविद्यालय की कमान एक कार्यकाल के लिए और सौंपने का निर्णय लिया। इसके लिए 17 अगस्त सोमवार को राजभवन से राजाज्ञा जारी कर दी। प्रो. शर्मा को द्वितीय कार्यकाल मिलने की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय परिसर व संस्कृत जगत में हर्ष की लहर दौड़ गई। बधाइयों का तांता लग गया। द्वितीय कार्यकाल मिलने पर प्रो. शर्मा ने कहा कि मैं कुलाधिपति के विश्वास को विधि परिवार की सामूहिक साधना का सम्मान मानता हूं।

अतिरिक्त खबरों के लिए स्कैन करें क्यूआर कोड

पूर्वांचल का नवीनतम अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल-
चिकित्सा का सम्पूर्ण केंद्र
- प्रसूति व स्त्री रोग
- बांझपन (IVF)
- भ्रूण चिकित्सा
- Fetal USG

पीबीएस
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
054229 86555, 94528 81318
शिवसागर पुर, मंडुवाडीह- लहरतारा रोड, वाराणसी

DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)
Ref. No. RMLAU/ADMIN/364/2026 DATE: 17th August, 2026
ADVERTISEMENT FOR THE POST OF
i) PROFESSOR, Advt. No. 04/2026 date: 17-08-2026
ii) ASSISTANT PROFESSOR Advt. No.05/2026 date: 17-08-2026
iii) SELF FINANCE (CONTRACTUAL) VARIOUS TEACHING POSTS Advt. No. 06/2026 date: 17-08-2026
1. Applications on prescribed format are invited from eligible candidates as per University Statutes/Government Orders of UP/UGC/BCI/AICTEPCI/Concern Regulatory Body norms for the various vacant Posts of teaching departments of the University Campus. This advertisement is issued as per UP State G.O. 977/Satar-1-2018-18(19)/2019 dated 02, September, 2019 and related government notification/orders of department of Higher Education, U.P. regarding reservation policy.
2. The online application process will be started from 20-08-2026 and the last date for filling online application will be 20-09-2026. Duly online filled application form along with annexures should reach the office of the Registrar of the University through Registered/Speed Post on or before 26-09-2026 by 5:00 (P.M.) For more details, Kindly, visit the University Website www.rmlau.ac.in
Registrar

INVEST UP
NOTICE INVITING TENDER
Invest UP Invites a Technical Proposal and Financial Bid from Interested Applicants (the "Proposals") for Selection of Event Management Agency from Empanelled Agencies of India Expo Mart Limited (IEML) for Conceptualizing, Designing, Fabrication, Installation and Management of Invest UP Pavilion "U.P. International Trade Show" (UPITS) being organised from 25th to 29th September, 2026 at India Expo Mart, Greater Noida.
Last Date of Bid submission is 24.09.2026 at 1600 hrs & Technical bid of the same shall be opened on 24.09.2026 at 1700 hrs. Further details regarding submission of e-bids are available in the RFP document on the e-tender portal at https://etender.up.nic.in and the Invest up website at https://investup.up.gov.in
Invest UP reserves the right to cancel any or all the e-Bids or annul the bidding process without assigning any reason thereof.
Tender No.: RFP/7035/UPITS-26/2026-27
Dated : 14.08.2026
ISSUED,
CHIEF EXECUTIVE OFFICER, INVEST UP

5 लाख तक का निःशुल्क ऑपरेशन
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत।
पेट के जटिल व
असाध्य
रोगों के परामर्श, जाँच व इलाज
(जनरल या लेप्रोस्कोपिक सर्जरी) हेतु संपर्क करें -
डॉ. प्रेमनाथ तिवारी
MBBS, FRCS (Edin England)
वरिष्ठ लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(पेट रोग विशेषज्ञ)
डॉ. अनुपम तिवारी
MBBS, MS (General Surgery)
FIAGFS, FMAS
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
"विगत 42 वर्षों से मरीजों की सेवा में, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में 30 वर्षों का अनुभव"
पी.एन. सर्जिकल नर्सिंग होम
एंड लेप्रोस्कोपिक सेंटर- हुकुलगंज त्रिपुहानी, चौकाघाट, वाराणसी
9415980960, 9453968700, 7318544522, 9695627272

धड़कन आपकी, फिक्र हमारी
स्वस्थ दिल के लिए
हम हैं ना!

Galaxy HOSPITAL
www.galaxyhospitalvaranasi.com
PLOT NO 4, 5, 6 & 7, DAYAL ENCLAVE, MAHMOORGANJ, VARANASI - 221010. INDIA
HELP LINE :
8874 205 817

भारतीय स्टेट बैंक

होम लोन सेंटर जिला- वाराणसी, उ.प्र. (शाखा कोड- 15489)

ई-नीलामी नोटिस

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
(केवल ई-ऑक्शन के जरिए विक्रय)
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई - नीलामी विक्रय नोटिस

(1)

आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी /बन्धकदाता(ओं) को सूचित किया जाता है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, होम लोन सेंटर वाराणसी शाखा, जिला– वाराणसी 221301 (तुलसिहि लोकपाल) की (1) श्रीमती प्रियंका पांडे, प्रोपर्ट पांडे (स्वर्गीय) : बंधकदाता(ओं) : सिवाराी: सेंवाटा, पांजुपुर, पक्षापुर टंडा, बरियियां, अंबेडकर नगर, उत्तर प्रदेश – 224210 पता 2: सारदाहिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, सुरेतिया, महोबी उत्तर प्रदेश – 221404, (2) श्री शिवमणि शर्मा पुत्र दिवंग नाथ शर्मा – पता–जीगापुरा मानी, सोहसना, देवरिया, उत्तर प्रदेश, पिन – 274509 द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, होम लोन सेंटर वाराणसी शाखा, जिला– वाराणसी 221301 एवं रेहन ₹ 28,02,781/- ब्याज व अन्य खर्चे (दिनांक 07.01.2026 से), वहीं वसूली हेतु निम्नलिखित अचल संपत्ति जिसका सांकेतिक कब्जा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, होम लोन सेंटर वाराणसी शाखा, जिला– वाराणसी 221301 के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को बिक्री "जहाँ है", "जैसे है" और जो कुछ भी है" के अनुसार दिनांक 06.10.2026 को की जाएगी। अचल संपत्ति का आरक्षित मूल्य ₹ 47,32,000/- और अग्रीम धनराशि ₹ 4,73,200/- है और इच्छुक बोलीदाता ई -नीलामी बंद होने से पहले एमएमटी के पास पूर्व इंएमडी जमा कर सकते हैं। एमएमटी के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई–नीलामी वेबसाइट में इस तरह की जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को पूँ– बिड इंएमडी फ्रीज़ किया जाएगा। ऐसिका पहिचान को अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को, अपने स्तर के दित में, किसी भी अंतिम समय की समस्या से बचने के लिए पूर्व बोली (इंएमडी सहित अग्रिम रुप से जमा करने की सलाह दी जाती है। बिड बढ़ोतरी राशि– ₹ 40,000/-, एसेसर्ज़ फीस जमा करने की अंतिम तिथि– 05.10.2026

बंधीताओं को अचल पुर्वोक्त संपत्ति का विवरण:
सिविल संख्या: 15 एलबीआई-बीडीएच-जगबीओ– 01, 1002 अचल संपत्ति स्थानी – श्रीमती प्रिटांका पांडे और श्री शिवमणि शर्मा
मौज– पिंडरा सपुर, परगना– हेवल जमालत, तसील व जिला– वाराणसी में स्थित स्व गाटा सं. के टॉर – २ में पक्की मंजिल पर फ्लैट सं. टॉर– ए/1 जिसका विस्तृत जन क्षेत्रफल– 777.16 वर्ग फीट और कारपेट क्षेत्रफल– 691.66 वर्ग फीट है, जिसे दस्तावेज सं. 4596, बही सं. 1, जिल्द सं. 10377, पृष्ठ सं. 1 से 56 क्रमांक 19.07.2019, उपसंजीयक कार्यालय द्वितीय वाराणसी में पंजीकृत।
चौहद्दी: पूर्व: अपार्टमेंट का सेटबैक / बिल्डिंग और आंतरिक सड़क, पश्चिम: आम रास्ता, उत्तर: सेटबैक और लिफ्ट/सीढ़ियां, दक्षिण: फ्लैट सं. टॉर– 1ए
नोट: विवाद की स्थिति में अधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

विक्रय के निबंधन और शर्तों के बारे में कृपया बोली दें गई वेबसाइट देखें website: www.sbi.co.in and https://www.bankeauctions.com

तारीख: 18.08.2026 स्थान– वाराणसी
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

प्रो. मधुलिका नासी विशिष्ट महिला वैज्ञानिक चेयर के लिए चयनित

जागरण संवाददाता, वाराणसी : काशी हिंदू विश्वविद्यालय की प्रो. मधुलिका अग्रवाल को राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी की विज्ञान प्रोत्साहन योजना के तहत प्रतिष्ठित एएएएसआइ (नासी) -विशिष्ट महिला वैज्ञानिक चेयर के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनके शोध और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया है। उन्हें शोध एवं अकादमिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए कई पुरस्कार और फेलोशिप प्राप्त हो चुके हैं।

प्रो. मधुलिका अग्रवाल

गौरीकेदारेश्वर का 251 कलशों से जलाभिषेक

जागरण संवाददाता, वाराणसी : दुर्गाकुंड स्थित श्रीधर्मसंघ शिक्षा मंडल प्रांगण से 119वें कराधारी प्राकट्योत्सव के अंतिम दिन सेमवार को श्रीगौरी केदारेश्वर जलाभिषेक यात्रा निकाली गई। पीठाधीश्वर स्वामी शंकरदेव चैतन्य ब्रह्मचारी के सानिध्य में शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालु की मंगल ध्वनि से गुंजायमान कलश यात्रा में सबसे आगे फूलों से सुसज्जित वाहन पर धर्म संघाट स्वामी करपात्री जी का चित्र विराजमान था। उनके पीछे पीत रंग के स्वास्तिक युक्त धर्मध्वजा थामे बटुक और दंडी संन्यासियों की समूह चल रहा था। शोभायात्रा गुरुधाम, चेतनपीठ चौराहा, जितया तिराहे, भेलपुर और सेंगारपुरा से होते हुए केदार घाट पहुंची।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने किया प्रदर्शन

जागरण संवाददाता, वाराणसी : स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्वतंत्रसेवी विनायक दामोदर सावरकर से संबंधित प्रश्न पूछने पर शिक्षक गुरु प्रसाद को निलंबित करने के विरोध में सेमवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री, केरल के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। महासंघ के क्षेत्र प्रमुख प्रो. उदयन ने कहा कि जिन सोशकर पर प्रश्न पूछने पर शिक्षक का निलंबन करेन सरकार के तुष्टीकरण की राजनीति की पराकाष्ठा है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रो. शैलेश, प्रो. धर्मेंद्र, प्रो. पंकज, डा. उमाकांत, डा. गोविंद, प्रो. शशिकांत, प्रो. भावना, डा. दीपक, डा. सन्धैर, डा. अशोक, भोजेश, डा. विमर्श, डा. रूपेश आदि थे।